राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने की सद्भाव, भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील

## दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के दिए निर्देश

## पुलिस महानिदेशक से दूरभाष पर संवाद कर ली हालात के बारे में जानकारी

जयपुर, 5 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री एम.एल. लाठर से दूरभाष पर संवाद कर जोधपुर में हुए उपद्रव के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था हर स्तर पर कायम रखे जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को यह भी निर्देश दिए कि इस तरह के मामलों में पुख्ता कार्रवाई कर सुनिश्चित करें कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। उन्होंने कहा कि राज्य में साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली ताकतों को किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिए।

श्री मिश्र ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे बरसों से चली आ रही हमारे यहां की परस्पर सद्भाव, भाईचारे और आपसी समन्वय की गंगा–जमुनी संस्कृति को बनाए रखें।

———